कोल इण्डिया
Coal India

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की मासिक पत्रिका

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

अंक : 573 वर्ष 43

राँची, 31 अक्टुबर, 2021

# अपनी बात

75
आज़ादी का
अमृत महोत्सव



# अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक का संदेश



आज हम सब कोविड–19 महामारी की चपेट से बाहर आने की कोशिश में हैं। उससे बचने के लिए सभी जरूरी उपायों को अपना रहे हैं। सोशल डिस्टेंसिंग, मास्क का यथोचित उपयोग के साथ–साथ 100% टीकाकरण के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हर संभव कोशिश हम कर रहे हैं। अभूतपूर्व और विपरीत परिस्थितियों में भी आशा और विश्वास के साथ निरंतर आगे बढ़ते रहना है भले ही आज कठिनाई है, कल बेहतर होगा और यदि हम उम्मीद न छोड़ें तो भविष्य अवश्य ही बेहतरीन होगा। हमने कोविड–19 प्रोटोकोल का पालन करते हुए 75वें स्वतंत्रता दिवस को 'आजादी का अमृत उत्सव' के रूप में बड़े हर्षोल्लास के साथ मना रहे हैं। इस अवसर पर उन वीर शहीदों को नमन किया और देश की प्रगति व खुशहाली की कामना की।

देश की ऊर्जा आकांक्षाओं की पूर्ति हेतु सीसीएल कृतसंकल्पित है। सीसीएल परिवार निरंतर कर्त्तव्य पथ पर आगे बढ़ते हुए अपने उत्पादन–उत्पादकता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सतत् प्रयासरत है। हमारे परिवार का प्रत्येक सदस्य कर्तव्यनिष्ठा एवं दृढ़संकल्प के साथ अपने कार्य को निष्पादित कर रहा है। हमारा निरंतर प्रयास है कि आदरणीय प्रधानमंत्री महोदय के आत्मनिर्भर भारत अभियान में सीसीएल का महत्वपूर्ण योगदान रहे। हम सिर्फ उत्पादन या उत्पादकता का ही ध्यान नहीं रखते बल्कि अपने सामाजिक कर्तव्यों के प्रति पूरी सजगता के साथ अपनी जिम्मेवारियों का निर्वहन कर रहे हैं। चाहे वह खान सुरक्षा से संबंधित विषय हो या फिर लोगों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और सामाजिक उत्थान से हमारा सार्थक प्रयास निरन्तर जारी है और रहेगा। मैं केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार को उनके निरंतर सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ।

विगत कई वर्षों से प्रकाशित सीसीएल की पत्रिका 'अपनी बात' एक नये रूप और अंदाज में आपके समक्ष प्रस्तुत है। जिसका उद्देश्य कंपनी की महत्वपूर्ण गतिविधियों, उपलब्धियों एवं सामाजिक सरोकार आदि के कार्यों से आपको अवगत कराना है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस पत्रिका के माध्यम से आप सभी लाभान्वित होंगे। मैं 'अपनी बात' की टीम के इस अच्छे प्रयास की सराहना करता हूँ।

आपके स्वस्थ और खुशहाल जीवन की मंगल कामनाओं के साथ पुनः धन्यवाद!

(पी. एम. प्रसाद)

# निदेशक (कार्मिक) का संदेश



हम समस्त देशवासी 75वें स्वतंत्रता दिवस की वर्षगांठ को 'आजादी का अमृत उत्सव' के रूप में मना रहे हैं। आज कोरोना रूपी महामारी हमारे सामने भयावह रूप लिए खड़ा है जिसने विश्व के समस्त मानव जाति के समक्ष एक अभूतपूर्व कठिन परिस्थिति प्रस्तुत कर दी है। इस महामारी को हराने के लिए यह आवश्यक है कि पूरा देश एक साथ खड़ा होकर सरकार के सारे निर्देशों का अक्षरशः पालन करे। मास्क पहनना, हाथों को निरंतर साबुन से धोना या सैनिटाइज करना, सोशल डिस्टेंसिंग का अनुसरण करना हमारे और हमारे परिवार की सुरक्षा के लिए नितांत आवश्यक है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि हमारे इन प्रयासों से बहुत जल्द ही कोरोना वायरस से भी हमें आजादी मिलेगी।

एक सार्वजनिक उपक्रम के रूप में अपने स्टेकहोल्डर्स एवं समाज के प्रति हमारी कुछ जिम्मेदारियाँ हैं और एक जिम्मेदार उद्यम के रूप में हम हमेशा उनके निर्वहन करने के प्रयास में लगे रहते हैं। लॉकडाउन के दौरान भारतीय रेलवे द्वारा प्रवासी श्रमिकों के लिए चलाई गई "श्रमिक स्पेशल ट्रेन" से अपने परिवार के साथ वापस घर लौट रहे हज़ारो श्रमिक बंधुओं को सीसीएल टीम के द्वारा राँची, हटिया और बरकाकाना रेलवे स्टेशन पर लगभग 14000 से ज्यादा फूड पैकेट्स और पानी बोतलें उपलब्ध कराई गयी। सीसीएल की मेडिकल टीम ने समय की पराकाष्ठा पर खरे उतरते हुए गांधीनगर और रामगढ़ केंद्रीय अस्पताल में 1750 से भी अधिक कोरोना संक्रमित मरीजों का सफलतापूर्वक इलाज कर चुकी है।

इन सभी उपलब्धियाँ और सामाजिक कार्य में सीसीएल परिवार के हर एक सदस्य, विभाग और सचिवालय का सहयोग रहा है, जिसके बगैर हर एक प्रयास, पहल और कार्य अकल्पनीय है। यह उदाहरण है हमारी टीम वर्क, समन्वय और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पण का जिसके लिए मैं सीएमडी सीसीएल, अपने सहयोगी निदेशकगण, मुख्य सतर्कता अधिकारी, श्रमिक संघ के प्रतिनिधियों, अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ। सीसीएल परिवार द्वारा इस आपदा के दौरान अपने स्टेकहोल्डर्स के स्वास्थ्य सुरक्षा एवं सामाजिक कल्याण के लिए विभिन्न योजनाओं को क्रियान्वित किया गया। कर्मियों और सीसीएल प्रबंधन के बीच विश्वास की कड़ी को और मजबूत करने का भी हमेशा हमारा प्रयास रहा है। टीम सीसीएल ने लॉकडाउन के दौरान अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा, कर्मठता और समर्पण भाव से निभाते हुए अपने कमांड क्षेत्रों में निरंतर गरीबों, दिहाड़ी मज़दूरो एवं जरुरतमंदो के बीच खाद्य सामग्री की आपूर्ति किया गया। बरका सयाल, अरगडा, उत्तरी कर्णपुरा, राजहरा, पिपरवार, रजरप्पा, कुजू, हजारीबाग, बोकारो एवं करगली, ढोरी, कथारा, मगध–संघमित्रा, आम्रपाली–चंद्रगुप्त, गिरिडीह आदि क्षेत्रों में लगभग 490 क्विंटल खाद्य सामग्री जैसे चावल, दाल, नमक, आटा, सरसों का तेल, सोया बरी, चूड़ा, मसाले, आलू, प्याज इत्यादि उपलब्ध कराया गया। सामुदायिक रसोई के माध्यम से लगभग 9,000 लोगों को भोजन उपलब्ध कराया गया। साथ ही कंपनी के द्वारा लगभग 24,000 परिवारों के बीच खाने का पैकेट भी वितरित किया गया। सीसीएल कमांड क्षेत्र के 37 ग्राम पंचायतों के सार्वजनिक स्थानों, चबूतरों, हैंड पंप के आसपास के स्थान आदि को सैनिटाइज़ किया गया है। कंपनी के द्वारा सीएसआर के अंतर्गत सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त ग्रामीण महिलाओं से लॉकडाउन के दौरान लगभग 4000 हस्त निर्मित मास्क क्रय कर जरुरतमंदो के बीच वितरित किया गया। मुझे उम्मीद है कि नये रूप में प्रकाशित सीसीएल की आंतरिक मासिक पत्रिका "अपनी बात" हमारे कर्मियों के लिए ज्ञानवर्धक साबित होगी।

(पीवीकेआर मल्लिकार्जुन राव)

# केन्द्रीय कोयला, खान एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी का सीसीएल दौरा

## कोयला मंत्री ने सीसीएल एवं बीसीसीएल के कार्य–निष्पादन की भी समीक्षा की

14 अक्टूबर को सीसीएल, मुख्यालय, दरभंगा हाउस, रांची में माननीय कोयला, खान मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी ने सीसीएल के कार्य निष्पादन की समीक्षा बैठक की। बैठक में माननीय अपर सचिव, कोयला मंत्रालय, भारत सरकार श्री विनोद कुमार तिवारी, अध्यक्ष कोल इंडिया, श्री प्रमोद अग्रवाल, सयुंक्त सचिव, कोयला मंत्रालय, श्री बी पी पति, सीसीएल एवं बीसीसीएल के सीएमडी श्री पी.एम. प्रसादय सीएमडी ईसीएल, श्री पी एस मिश्रा, सीएमडी, सीएमपीडीआई, श्री मनोज कुमार, निदेशक तकनीकी (संचालन), सीसीएल, श्री वी. के. श्रीवास्तव, निदेशक तकीनीकी (योजनाध्परियोजना), सीसीएल, श्री भोला सिंह, निदेशक (कार्मिक), सीसीएल, श्री पी.वी.के.आर. मलिकार्जुन राव, माननीय कोयला मंत्री के निजी सचिव, श्री होन्नारेड्डी एन, ईडी, कोल इंडिया, श्री एम के सिंह एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

बैठक में विशेषकर पावर प्लांटों को कोयला आपूर्ति, कोयला उत्पादन सहित अन्य मुख्य बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद ने माननीय मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी एवं अन्य अतिथियों का स्वागत किया। बैठक में श्री पी.एम. प्रसाद ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से कंपनी के कार्यनिष्पादन, योजनाओं, उपलब्धियों एवं चुनौतियों के बारे में मंत्री महोदय को विस्तार से जानकारी दी।

समीक्षा बैठक में माननीय मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी ने कोयला उत्पादन के साथ–साथ पावर प्लांटों में आपूर्ति संबंधी सीधी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कोरोना काल के उपरांत देश एक बार पुनः आर्थिक विकास की राह पर दौड़ रहा है। देश की मुख्य ऊर्जा संस्थान होने के कारण इस रफ्तार को कायम रखना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। मुझे पूरा विश्वास है कि आप सब इस जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा से करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत सरकार एवं कोयला मंत्रालय आपको सभी प्रकार के सहयोग एवं सहायता के लिए तत्पर है। साथ ही श्री जोशी ने वरिष्ठ अधिकारियों से कोयला खनन में आने वाली आधारभूत समस्याओं को दूर करने की दिशा में कार्य करने का निर्देश दिया।

इससे पूर्व माननीय कोयला, खान मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी ने पिपरवार क्षेत्र के अशोका ओपनकास्ट खदान एवं बचरा रेलवे साइडिंग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने 24•7 कोयला उत्पादन में लगे कर्मियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि हमारे कोयला योद्धा देश की उम्मीदों पर खरा उतरेंगें। विदित है कि देशभर के पावर प्लांट में कोयले की कमी की खबर के बीच माननीय कोयला मंत्री का यह दौरा अंत्यत महत्वपूर्ण था। उन्होंने न सिर्फ कर्मियों से मिले बल्कि अधिकारियों को युद्ध स्तर पर कोयला लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रेरित किया।



माननीय कोयला, खान मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी अपने सीसीएल दौरा के दौरान खदान एवं रेलवे साइडिंग का निरीक्षण करते हुए




समीक्षा बैठक में माननीय कोयला, खान मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी, कोल इण्डिया लि. के अध्यक्ष श्री प्रमोद अग्रवाल एवं अन्य

# सीसीएल में 'स्वच्छता पखवाड़ा' सम्पन्न



स्वच्छता शपथ दिलाते सीएमडी श्री पी. एम. प्रसाद, निदे. तक. (संचा.) श्री वी. के. श्रीवास्तव, निदे. तक. (यो. एवं परि.) श्री भोला सिंह एवं शपथ ग्रहण करते सीसीएल कर्मी

''स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत'' के संदेश के साथ सीसीएल मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रों में 01 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक 'स्वच्छता पखवाड़ा, 2021' मनाया गया। मुख्यालय, दरभंगा हाउस, राँची में 'स्वच्छता शपथ' समारोह का आयोजन कर इसका शुभारंभ किया गया। सीएमडी श्री पी. एम. प्रसाद ने उपस्थित सभी कर्मियों को ''स्वच्छता की शपथ'' दिलायी। इस अवसर पर सीसीएल के निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री वी.के. श्रीवास्तव, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री भोला सिंह सहित सीसीएल के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष तथा सीसीएल कर्मी सोशल डिस्टेंशिंग का पालन करते हुये उपस्थित थे।

सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में भी हर्षोल्लास के साथ स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में पेपर कप इत्यादि का वितरण, डस्टबिन का वितरण, जुट बैग तथा पौधों का वितरण, क्विज तथा पेंटींग प्रतियोगिता जैसे कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया।














# सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ

## सत्यनिष्ठा शपथ के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ

26 अक्टूबर से 01 नवम्बर, 2021 तक 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2021' मुख्यालय, राँची के साथ–साथ सभी क्षेत्रों में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में आज सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस परिसर में सीसीएल के निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री वी.के. श्रीवास्तव, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री भोला सिंह तथा सीवीओ श्री एस. के. सिन्हा ने 'सतर्कता जागरूकता रथ' को ''स्वतंत्र भारत @75: सत्यनिष्ठा से आत्मनिर्भरता'' के संदेश के साथ हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसी तरह पूरे सीसीएल से कुल 18 'सतर्कता जागरूकता रथ' को आमजन के बीच हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर आईआईटी बीएचयू, वाराणसी के डॉ. पियूष राय सहित मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, कर्मी एवं अन्य उपस्थित थे।



सत्यनिष्ठा शपथ कार्यक्रम में उपस्थित निदे.(तक./संचा) श्री वी. के. श्रीवास्तव, निदे.(तक./यो. परि.) श्री भोला सिंह, सीवीओ श्री एस. के. सिन्हा एवं अन्य गणमान्य



सतर्कता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाते निदे.(तक./संचा) श्री वी. के. श्रीवास्तव, निदे.(तक./यो. परि.) श्री भोला सिंह, सीवीओ श्री एस. के. सिन्हा एवं अन्य गणमान्य

इससे पूर्व निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री वी.के. श्रीवास्तव ने उपस्थित सभी को 'सत्यनिष्ठा शपथ' दिलायी। ई–प्लेज बुथ का भी उदघाटन किया गया है जिसमें कर्मियों ने ऑन लाईन सत्यनिष्ठा शपथ ली।

केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर में भी 'सत्यनिष्ठा शपथ' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ज्ञातव्य हो कि सीसीएल के सतर्कता विभाग द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत सीसीएल कर्मियों तथा आमजन के बीच सतर्कता संदेश पहुँचाने हेतु वेबिनार, पेंटिंग प्रतियोगिता जैसे विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

## सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान वेबिनार का आयोजन

'सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2021' के दौरान दिनांक 27 अक्टूबर को एक 'वेबिनार' का आयोजन किया गया। इस वेबिनार का मुख्य उद्देश्य डेलिगेशन ऑफ पावर (डीओपी) से संबंधित सभी पहलुओं पर कर्मचारियों तथा अधिकारियों को जागरूक करना था। विडीयो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीसीएल के सभी क्षेत्रों से कर्मियों ने भी भाग लिया।



वेबिनार में उपस्थित विभिन्न गणमान्य

## सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान "लाईव पेन्टींग वर्कशॉप" का आयोजन

'सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2021' के दौरान दिनांक 28 अक्टूबर को इस वर्ष की थीम ''स्वतंत्र भारत /75: सत्यनिष्ठा से आत्मनिर्भरता'' पर आधारित मुख्यालय प्रांगण में ''लाईव पेन्टींग वर्कशॉप'आयोजित की गई। युवा कालाकारों ने कार्यशाला में आजादी का अमृत महोत्सव एवं सत्यनिष्ठा से आत्मनिर्भरता का संदेश से ओत–प्रोत अपने रंगीन और रचनात्मक पेंटिंग के माध्यम से इस कार्यक्रम की शोभा बढाई एवं अपने कला का प्रदर्शन किया।

पेन्टींग वर्कशॉप का उद्घाटन सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद ने किया। इस अवसर पर निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री वी.के. श्रीवास्तव, मुख्य सतर्कता पदाधिकारी श्री एस.के. सिन्हा सहित विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, कर्मी एवं अन्य उपस्थित थे।

सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद ने कलाकारों का उत्साहवर्द्धन करते हुये कहा कि पेंटिंग' कर्मियों के साथ–साथ आमजन को जागरूक करने का बहुत ही अच्छा माध्यम है। निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री वी.के. श्रीवास्तव एवं मुख्य सतर्कता पदाधिकारी श्री एस.के. सिन्हा ने सभी कलाकारों की सराहना करते हुये उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

पेन्टींग वर्कशॉप में झारखंड राज्य के विभिन्न क्षेत्रों, संस्थानों (राँची, रामगढ़, जमशेदपुर, हजारीबाग, बचरा,

पिपरवार) के लगभग 25 वरिष्ठ प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का समन्वयन वरीय प्रबंधक (कार्मिक) श्री आलोक गुप्ता ने किया।

कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक नृत्य का प्रदर्शन के साथ–साथ स्टॉल (आशा, कोशिश) का भी प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर संत जेवियर्स कालेज, राँची के कलाकारो द्वारा नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया जिसे उपस्थित सभी लोगों ने खूब सराहा। एक्आईएसएस, बीआईटी मेसरा, रांची यूनिवर्सिटी, श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने भी कार्यक्रम में बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया।



लाइव पेन्टींग वर्कशॉप के दौरान प्रतिभागियों को मार्गदर्शन करते सीएमडी श्री पी. एम. प्रसाद साथ में अन्य गणमान्य

# सचिव (ऊर्जा) श्री अलोक कुमार का सीसीएल का दौरा



क्षेत्रों का निरीक्षण करते सचिव (ऊर्जा) श्री अलोक कुमार, सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद, निदेशकगण एवं अन्य गणमान्य

दिनांक 23 अक्टूबर को सचिव (ऊर्जा) श्री अलोक कुमार ने सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने अपने दौरे के दौरान भुरकुण्डा गुड्स साईडिंग का निरीक्षण किया उसके उपरांत आम्रपाली परियोजना, शिवपुर रेलवे साईडिंग, सैम्पलिंग रूम बचरा का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद, निदेशक तकनीकी (संचालन), श्री वी.के. श्रीवास्तव, निदेशक तकीनीकी (योजना/परियोजना), श्री भोला सिंह, क्षेत्रीय महाप्रबंधक सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

इस दौरान सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद ने पावर प्लांटों को कोयला आपूर्ति, कोयला उत्पादन सहित अन्य गतिविधियों के बारे में सचिव (ऊर्जा) श्री अलोक कुमार को जानकारी दिया।

# सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद ने नवनिर्मित 'आपातकालीन चिकित्सा ईकाई' का उदघाटन किया



आपातकालीन चिकित्सा ईकाई का उद्घाटन करते सीएमडी श्री पी. एम. प्रसाद

सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद ने काँके रोड, राँची स्थित 'केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर' में नवनिर्मित "आपातकालीन चिकित्सा ईकाई (ईएमयू)' का उद्घाटन किया। इस अवसर पर निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री वी.के. श्रीवास्तव, सीवीओ श्री एस.के. सिन्हा, सीएमएस सीसीएल डॉ डी.के.एल. चौहान, सीएमएस (प्रभारी), गांधीनगर डॉ. रत्नेश जैन सहित अन्य चिकित्सकगण एवं महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष सोशल डिस्टेंशिंग का पालन करते हुये उपस्थित थे। इस नवनिर्मित आपातकालीन वार्ड में सभी आधुनिक सुविधाओं से युक्त 10 बेड का व्यवस्था किया गया है जो गंभीर मरीजों के लिए है। सभी बेड पर डाईरेक्ट ऑक्सीजन की सप्लाई सहित एडवांस लाईफ सपार्ट सिस्टम है।

सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद ने कहा कि सीसीएल झारखण्ड में स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है और यह आपातकालीन वार्ड इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कड़ी है।

# सीसीएल द्वारा 03 जीवन रक्षक 'ऑक्सीजन प्लांट' राष्ट्र को समर्पित



ऑक्सीजन प्लांट राष्ट्र को समर्पित करते सीएमडी श्री पी. एम. प्रसाद साथ में गणमान्य अतिथिगण

दिनांक 07 अक्टूबर को सीसीएल द्वारा निर्मित तीन 'पीएसए ऑक्सीजन प्लांट' देश को समर्पित किया गया। यह ऑक्सीजन प्लांट को क्रमशः केन्द्रीय अस्पताल गांधीनगर, काँके रोड, राँची, केन्द्रीय अस्पताल, रामगढ़ एवं सीएचसी टंडवा में स्थापित किया गया। इसके अतिरिक्त सीसीएल द्वारा राँची में सीएचसी, सोनाहातू एवं सीएचसी, ओरमांझी में भी 200 एलपीएम के 'पीएसए ऑक्सीजन प्लांट' स्थापित किया जा रहा है जिसपर कार्य अंतिम चरण में है। इस अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उत्तराखंड में आयोजित कार्यक्रम के दौरान देश भर में 'पीएम केयर फंड' द्वारा 35 पीएसए ऑक्सीजन प्लांट का ऑनलाईन उद्घाटन किया गया जिसका सीधा प्रसारण सीसीएल में भी किया गया।

केन्द्रीय अस्पताल गांधीनगर परिसर में स्थित 1000 एलपीएम का पीएसए ऑक्सीजन प्लांट का लोकार्पण माननीय राज्य सभा सदस्य श्री दीपक प्रकाश, माननीय विधायक, राँची श्री सी.पी. सिंह, माननीय विधायक, काँके श्री समरी लाल एवं सीएमडी, सीसीएल श्री पी.एम. प्रसाद ने किया। इस अवसर पर निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री वी.के. श्रीवास्तव, सीसीएल सीएमएस डॉ डी.के.एल. चौहान, सीएमएस गांधीनगर डॉ रत्नेश जैन, डॉ अंजना झा, डॉ बासुदेव रजक एवं अन्य उपस्थित थे। इस प्लांट से गांधीनगर अस्पताल में 200 बेड पर ऑक्सीजन उपलब्ध कराया जा सकेगा।

दूसरा 1000 एलपीएम 'पीएसए ऑक्सीजन प्लांट' का लोकार्पण केन्द्रीय अस्पताल, रामगढ़ में माननीय विधायक जय प्रकाश भाई पटेल द्वारा निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री भोला सिंह एवं सीएमएस रामगढ़ डॉ वी.के. सिंह की उपस्थिति में किया गया। इसी प्रकार तीसरा 200 एलपीएम 'पीएसए ऑक्सीजन प्लांट' सीएचसी टंडवा में भी लाकार्पण कर आमजन को समर्पित किया गया।

कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान ऑक्सीजन के संकट को देखते हुये माननीय कोयला मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी के मागदर्शन में तथा सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद के कुशल नेतृत्व में युद्ध स्तर पर आमजन के लिए इस ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना की गई जिससे कोरोना से संक्रमित मरीज के साथ–साथ अन्य मरीज निश्चित रूप से लाभान्वित होंगे और सीसीएल अस्पताल बाहरी ऑक्सीजन सप्लायर्स पर निर्भर नहीं रहेगा।

## त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन

आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में दिनांक 22 अक्टूबर 2021, शुक्रवार को मुख्यालय में सी सी एल, जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी एवं राज्य सैनिक कल्याण निदेशालय के मध्य त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन संपन्न हुआ जिसके अंतर्गत भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण हेतु गुमला में वानप्रस्थ सैन्य आश्रम नामक वृद्धाश्रम के अधिष्ठापन का कार्य किया जाना है।

इस अवसर पर महाप्रबंधक (सीएसआर) श्री बालकृष्ण लाडी, लेफ्टिनेंट कर्नल (अ प्र)प्रदीप झा एवं ब्रिगेडियर (अ प्र) बी जी पाठक ने हस्ताक्षर कर परस्पर एम् ओ यू का आदान प्रदान किया। इस अवसर पर सीसीएल की ओर से मुख्य प्रबंधक (असैनिक/सीएसआर) श्री एस एस लाल, मुख्य प्रबंधक (कार्मिक/सीएसआर), श्री संजय एवं सीसीएल सीएसआर विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।




समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर के दौरान उपस्थित अधिकारीगण

## सीपेट (CIPET) राँची में सीसीएल के सीएसआर नोडल अधिकारियों हेतु संवाद सत्र आयोजित

आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत आयोजित स्वच्छता पखवाडा 2021 की कड़ी में दिनांक 06.10.2021 को सिपेट (सेन्ट्रल इन्स्टीट्यूट ऑफ प्लास्टिक इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी), राँची में सीएसआर के नोडल अधिकारियों के लिए पर्यावरण संरक्षण स्थिरता सामाजिक विकास और सुशासन पर आधारित विषय पर एक संवाद सत्र (Interactive Session) आयोजित किया गया।

सीसीएल और सीपेट के बीच हुए समझौता ज्ञापन के अनुरूप सीसीएल के सीएसआर नोडल अधिकारियों को कमांड क्षेत्र के 320 परियोजना प्रभाविक लोगों (पीएपी) के ज्ञान और कौशलता से परिचित कराने एवं उन्हें प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से इसका आयोजन किया गया।

# आईआईटी में 'सीसीएल के लाल एवं लाडली' के रिकॉर्ड 09 बच्चे चयनित

## पहली बार सीसीएल की लाडलियों ने जेईई एडवांस क्वालीफाई कर रचा इतिहास

### किशन कुमार 4357 रैंक (ओबीसी–751) के साथ टॉपर

सीसीएल की महत्वाकांक्षी योजना 'सीसीएल के लाल एवं लाडली' के अंतर्गत इस वर्ष नयी उँचाईयों को छुते हुये बैच के रिकार्ड 09 छात्र जेईई एडवांस क्वालिफाई कर आईआईटी के लिए चयनित हुये। पहली बार सीसीएल की 02 लाडलियों ने जेईई एडवांस क्वालीफाई कर रचा इतिहास। किशन कुमार ने जेईई एडवांस में 4357 रैंक (ओबीसी–751) के साथ अपने बैच में टॉप किया है। किशन कुमार सहित करण राज, आशु कुमार, तेजस्वी कुमारी, अनुज कुमार, मुस्कान गुप्ता, विशाल कुमार, शुभम कुमार, बिट्टू यादव ने सफलता प्राप्त की।



सीसीएल की लाडली
तेजस्वी कुमारी



सीसीएल की लाडली
मुस्कान गुप्ता



सीसीएल का लाल
बैच टॉपर किशन कुमार

कोरोना काल की चुनौतियों के बावजूद प्रत्येक वर्ष की भांति बच्चों ने अपने फैकल्टीज के मार्गदर्शन में शानदार प्रदर्शन जारी रखा। छात्राओं के चयन से न सिर्फ इस योजना का एक नया अध्याय खुला है बल्कि 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' मुहीम सीसीएल के प्रयास से झारखण्ड राज्य में सशक्त हुई है।

सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद, निदेशकगण एवं विभागाध्यक्ष (सीएसआर) ने जेईई एडवांस क्वालीफाई कर आईआईटी में चयनित होने पर सभी सफल छात्रों को हार्दिक बधाई दी तथा सफल करियर के लिए शुभकामनाएँ दी। श्री प्रसाद ने कहा कि इन बच्चों ने आज अपनी मेहनत और लगन से सीसीएल के साथ–साथ अपने माता–पिता, राज्य एवं देश का नाम रौशन किया है।

निदेशक (कार्मिक) श्री पीवीकेआर मल्लिकार्जुन राव ने बच्चों, फैकल्टीज और सीएसआर विभाग को शुभकामनाएँ देते हुए कहा की सीसीएल अपने सभी स्टेकहोल्डर्स के समग्र विकास के लिए प्रयासरत रहा है। उन्होंने कहा कि सीसीएल के लाल एवं लाडली योजना इस प्रयास की महत्वपूर्ण कड़ी है और हमारा यह प्रयास निरंतर जारी रहेगा।

वर्ष 2012 में प्रारंभ हुई 'सीसीएल के लाल' योजना में अबतक झारखण्ड के आम परिवारों के 150 से अधिक बच्चों ने कम्पनी द्वारा उपलब्ध किये गए अवसर का लाभ उठाते हुए अपनी मेहनत और लगन से देश के प्रख्यात इंजीनियरिंग कॉलेज में चयनित हुए। इनमें से 29 बच्चों का विश्व प्रख्यात आईआईटी में चयन हुआ और 100 से अधिक बच्चों का चयन एनआईटी में हुआ है। वर्ष 2016 में इस योजना का विस्तार किया गया था और छात्राओं यानि 'सीसीएल की लाडली' को भी इसमें प्रवेश दिया गया। इसके परिणामस्वरूप इस वर्ष लाडलियों ने भी जेईई एडवांस में अपना परचम लहराया।

# सीसीएल एवं टूल रूम के बीच एमओयू

आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत स्वतंत्रता संग्राम में भागीदारी तानाभगत जनजाति के वंशजों को (25 युवकों को) सीसीएल के सीएसआर विभाग द्वारा मोटर साइकिल रिपेयर प्रशिक्षण हेतु सीसीएल एवं झारखण्ड सरकार द्वारा टूल रूम के बीच एमओयू संपन्न हुआ।

सीसीएल की ओर से श्री लाडी बालकृष्ण एवं झारखण्ड सरकार टूल रूम की ओर से श्री एम.के. गुप्ता, प्रिंसिपल ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर श्री एस.एस. लाल, मुख्य प्रबंधक (सीविल –सीएसआर), श्री संजय, मुख्य प्रबंधक (कार्मिक–सीएसआर), एवं श्री आशुतोष उपस्थित थे।




समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर के दौरान उपस्थित सीसीएल एवं टूल रूम के अधिकारीगण

# निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री वी.के. श्रीवास्तव सहित 76 कर्मी सेवानिवृत हुए

## सम्मान समारोह में श्री श्रीवास्तव सहित सभी सेवानिवृत कर्मियों को भावभीनी विदाई

सी.सी.एल. के निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री वी.के. श्रीवास्तव तथा सी.सी.एल., मुख्यालय विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मियों सर्वश्री सुरेन्द्र नायक, कार्यालय अधीक्षक, 'ए–1', एसडी एवं सीएसआर विभाग, दीपक कुमार बोस, कार्यालय अधीक्षक, 'ए–1', वाशरी कंस्ट्रक्शन विभाग, अर्जून कुमार राय, ड्राईवर कम मेकनिक, ई एण्ड टी विभाग तथा केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर से श्रीमती एतवारी कुमारी देवी, मेट्रन 'ए–1', श्री जोगेश्वर भुइंया, वार्ड बॉय, 'ग्रेड–एच' को आज सीसीएल परिवार की ओर से सीसीएल मुख्यालय में "सम्मान समारोह" का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई। पूरे सीसीएल से अक्टूबर माह में 76 सेवानिवृत कर्मियों को भी कोविड–19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुये सम्मान समारोह का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई।

सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद ने सी.सी.एल. परिवार की ओर से सेवानिवृत हो रहे सभी वरिष्ठतम सदस्यों का अभिनन्दन किया और सभी के जीवन की दूसरी पारी स्वस्थ एवं सुखी जीवन की कामना की। श्री प्रसाद ने निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री वी.के. श्रीवास्तव को धन्यवाद देते हुए कहा कि श्री श्रीवास्तव एक सहज और मिलनसार व्यक्ति हैं और इनके नेतृत्व में सीसीएल ने पिछले लगभग साढ़े तीन वर्षों में पुराने रिकार्ड तोड़े और कई नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं।

सेवानिवृत हो रहे सीसीएल के निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री वी.के. श्रीवास्तव ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी के सहयोग से मैंने सीसीएल में अपने कार्यकाल के अंतिम साढ़े तीन वर्ष सफलतापूर्वक बेहतर कार्यनिष्पादन किया और मेरा अनुभव बहुत ही अच्छा रहा और इस वित्तीय वर्ष में सीसीएल अपना उत्पादन लक्ष्य अवश्य प्राप्त करेगा यह मेरा विश्वास है।

निदेशक (कार्मिक) श्री पी.वी.के.आर मल्लिकार्जुन राव श्री श्रीवास्तव आज अपनी कवी प्रेमी और सहज व्यक्तित्व के कारण सबके प्रिय है। सीवीओ श्री एस.के. सिन्हा ने सभी के अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हुए उनसे समय–समय पर मार्गदर्शन करने का अनुरोध किया। सअवसर विशेष पर सीसीएल द्वारा निर्मित सेवानिवृत कर्मियों पर फिल्म का प्रदर्शन 'सम्मान समारोह' के दौरान किया गया। फिल्म (विडीयो) के माध्यम से सेवानिवृत कर्मियों ने अपने–अपने कार्यानुभवों एवं विचारों को व्यक्त किया। फिल्म में सभी ने कंपनी के दिन दूनी रात चौगुनी सफलता की कामना की।





सम्मान समारोह के दौरान सेवानिवृत्त निदेशक (तक./संचा.) श्री वी. के. श्रीवास्तव के साथ अन्य सेवानिवृत्त कर्मचारीगण

# सोशल मीडिया में सीसीएल

**Pralhad Joshi** @JoshiPra... · 15/10/21

Congratulations to all Champions who qualified the JEE Advanced. Wishing all a bright future ahead. Good work mentoring our youngsters @CCLRanchi, keep it up!

> **Central Coalfields Li...** · 15/10/21
>
> First time #girls from #CCLkeLalLaadli, a #CclCsrInitiative qualify #JEEAdvanced to make it to #IIT.
>
> Kishan Kumar tops with AIR 4357 (OBC-751).
>
> A total of 9 students including 4 who repeated, qualify the prestigious exam.
>
> Congratulations to students, faculties and #CSR team.



**Central Coalfields Limit...** · 25/10/21

Coal Secretary's visit to CCL.

Secretary, Dr. Anil Kumar Jain along with CMD, Sri PM Prasad visited Urimari OC Project, Bhurkunda Goods Siding and Saunda Siding in Barka Sayal Area.

Dr. Jain inspected production and supply facilities. He appreciated #TeamCCL's all round efforts



**Central Coalfields Limit...** · 29/10/21

'एक चित्र हज़ार शब्दों के बराबर होता है।'

हज़ारो शब्दों को अपने मे समेटे यह कलाकृतियां 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह' का संदेश दे रही है, जिसे कलाकारों ने बखुबी अपनी तस्वीरों में उतारा है।

सीसीएल मुख्यालय में आयोजित 2 दिवसीय कार्यशाला में झारखंड भर से आये कलाकारों की यह प्रस्तुति ।




**Central Coalfields Limited** · 14/10/21

Hon'ble Coal Minister Sri Prahlad Joshi reviewed the performance of CCL and BCCL at Ranchi.

Earlier today he visited Ashoka OCP and Bachra Railway Siding in Piparwar Area of CCL.

He appreciated #CoalWarriors and exuded confidence that CIL will meet coal demand of the nation.




सम्पादक : अनुपम कुमार राणा, विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क), जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : मयंक कश्यप, उप प्रबंधक (सीडी), अंकुर गौतम, सहायक प्रबंधक (कार्मिक)
सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित। (आंतरिक वितरण हेतु)